### आत्महत्याग्रस्त किसान परिवार की मदद के लिए आगे आए छात्र

# पुणे में शैक्षणिक पुनर्वसन हेतु बिदाई

### भारतीय जैन संगठन ने किया सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन



**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**

**अमरावती, 14 जून-** भारतीय जैन संगठन द्वारा बीते अनेक वर्षों से आत्महत्याग्रस्त किसान परिवार के लडके-लडकियों का शैक्षणिक पुनर्वसन करने का उपक्रम सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है. उपक्रम की इसी कडी में बीते 2 वर्षों में आत्महत्या किए हुए अमरावती जिले के किसान परिवार के विद्यार्थियों को पुणे में स्थित वाघोली पुनर्वसन प्रकल्प में 15 जून 2026 से शुरु हो रहे नए शैक्षणिक वर्ष के लिए प्रवेश दिया गया है. इन छात्रों को पढाई के लिए पुणे में रवाना करने के पहले स्थानीय भारतीय जैन संगठन द्वारा 14 जून को जैन छात्रालय, बस स्टैंड समीप, अमरावती में आयोजित बिदाई समारोह में महापौर श्रीचंद तेजवानी, भारतीय जैन संगठन, पुणे के विश्वस्त सुदर्शन जैन, अमृत मुथा, विजय बोथरा, भारतप्रकाश खजांची, अनिल बोथरा, अभिनंदन पेंढारी, कोमल बोथरा, राजेश चांडक, वैशाली हांडा, सहित अनेक मान्यवर, पालक, नागरिक उपस्थित थे. छात्रों की चयन प्रक्रिया, संबंधित परिवारों से संपर्क तथा सहमति प्राप्त करने जैन संगठन के प्रताप ब्राम्हणवाडे, नितिन जाधव ने विशेष परिश्रम किए. कार्यक्रम का नियोजन-आयोजन प्रदीप जैन ने, संचालन नीतेश जैन ने तथा आभार प्रदर्शन शुभम जैन ने किया. आत्महत्याग्रस्त किसान परिवार के छात्रों की शैक्षणिक उन्नति के लिए भारतीय जैन संगठन द्वारा चलाया जा रहा यह सराहनीय तथा अनुकरणीय उपक्रम समाज के समक्ष एक आदर्श निर्माण करनेवाला साबित हो रहा है.

# बिना दस्तावेज चल रहे कचरा वाहनों पर आरटीओ की सख्ती

### परमिट, फिटनेस, बीमा और प्रदूषण प्रमाणपत्र की होगी जांच

### 98 कचरा वाहनों की जांच के आदेश

### तीन इंटरसेप्टर टीमों को जिम्मेदारी

### नियम उल्लंघन पर कार्रवाई

**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**

**अमरावती. 14 जून-** महानगरपालिका के अंतर्गत कचरा परिवहन में लगे कंत्राटी वाहनों के खिलाफ आरटीओ ने सख्त रुख अपनाया है. वैध दस्तावेजों के बिना संचालित किए जा रहे वाहनों पर तत्काल जांच और कार्रवाई के आदेश जारी किए गए हैं. तीन इंटरसेप्टर टीमों को जिम्मेदारी देते हुए 98 कचरा वाहनों की जांच के आदेश दिए गए हैं.जानकारी के अनुसार शिवसेना शहर प्रमुख प्रवीण वसंतराव हरमकर द्वारा की गई शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई शुरू की गई है. शिकायत में आरोप लगाया गया था कि कोणार्क कंपनी के अंतर्गत संचालित कई कचरा परिवहन वाहन बिना आवश्यक वैध दस्तावेजों के शहर में चल रहे हैं. शिकायत के अनुसार संबंधित वाहनों के पास वैध परमिट, फिटनेस प्रमाणपत्र, बीमा तथा प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र उपलब्ध नहीं होने की आशंका जताई गई है. जो मोटर वाहन कानून के प्रावधानों का उल्लंघन माना जा सकता है. इसी के आधार पर आरटीओ ने कार्यालयीन आदेश जारी कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं. आदेश के अनुसार 98 कचरा परिवहन वाहनों की सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक अमरावती शहर के विभिन्न जोनों में विशेष जांच की जाएगी. जांच के दौरान यदि आवश्यक दस्तावेज नहीं पाए जाते हैं तो संबंधित वाहनों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी. कार्रवाई के लिए



आरटीओ प्रशासन ने विशेष निरीक्षण दल गठित किए हैं. पथक क्रमांक 1 में मोटर वाहन निरीक्षक संजय पाटील एवं वरिष्ठ मोटर वाहन निरीक्षक के. पी. जाधव को नियुक्त किया गया है. पथक क्रमांक 2 में सहायक मोटर वाहन निरीक्षक पी. ए. मालोकार और आर. एस. सरकटे तो जिम्मेदारी दी गई है. इसके अलावा पथक क्रमांक 3 में सहायक मोटर वाहन निरीक्षक वी. आर. यादव और शोएब शेख नियुक्त किए गए हैं. आरटीओ प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान नागरिकों की सुरक्षा, परिवहन नियमों के पालन तथा शहरी कचरा परिवहन व्यवस्था को अधिक जिम्मेदार और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है.

# बडनेरा के नवनियुक्त थानेदार हनमंत उरलागोंडावार का वाईएसपी ने किया स्वागत

### पार्षद अजय जयस्वाल ने शांति सुव्यवस्था बाबत की चर्चा





**प्रतिनिधि / प्रतिदिन अखबार**

**अमरावती. 14 जून-** बडनेरा पुलिस स्टेशन के नवनियुक्त पुलिस निरीक्षक हनमंत उरलागोंडावार का युवा स्वाभिमान पार्टी, बडनेरा की ओर से स्वागत एवं सदिच्छा भेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस अवसर पर बडनेरा के नगरसेवक एवं शहराध्यक्ष अजय जायसवाल तथा नगरसेविका रजनी डोंगरे ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया.भेंट के दौरान बडनेरा क्षेत्र की विभिन्न नागरिक समस्याओं पर चर्चा की गई. प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य मार्गों पर खुलेआम शराब सेवन करने वालों पर कार्रवाई, सड़कों पर अवैध अतिक्रमण हटाने तथा महिलाओं की सुरक्षा को लेकर प्रभावी कदम उठाने की मांग की. साथ ही कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए पुलिस प्रशासन से कठोर कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया.इस अवसर पर प्रा. अमोल मिलखे, सुरेश चाफले, मुश्ताक शेख, पवन भिंडा, सचिन पवार, सुचिता पाटिल, वंदना पवार, पूजा दुबे, अंजली मोकाशे, फरजाना चौधरी, सरगम मोहोड, सोनू बबेरवाल सहित युवा स्वाभिमान के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## पोक्सो प्रकरण में आरोपी बरी

### एड. संदेश मेश्राम की सफल पैरवी

**अमरावती.** विनयभंग व बाललैंगिक अत्याचार प्रतिबंधक कानून के तहत दर्ज किये गये गंभीर मामले में आरोपी आनंद मेश्राम को न्यायालय ने सबूतों के अभाव में बरी कर दिया. इस प्रकरण में आरोपी की तरफ से एड. संदेश मेश्राम ने सफल पैरवी की.नांदगांव खंडेश्वर थाना क्षेत्र में घटित इस प्रकरण में 5 जनवरी 2022 को मामला दर्ज किया गया था. शिकायत के मुताबिक ट्यूशन के लिए गई नाबालिग युवती का हाथ पकड़कर उसे नाले की तरफ जबरदस्ती ले जाकर अत्याचार करने का प्रयास करते हुए विनयभंग किये जाने का आरोप आनंद मेश्राम पर किया गया था. इस प्रकरण में धारा 354 (ड) और पोक्सो की धारा 12 के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में चार्जशीट दायर की गई थी. जिला व सत्र न्यायालय में चली सुनवाई के दौरान सरकारी पक्ष की तरफ से कुल 5 गवाहों को परखा गया. दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने सबूतों के अभाव में आरोपी आनंद मेश्राम को बरी कर दिया. इस प्रकरण में आरोपी की तरफ से एड. संदेश मेश्राम ने सफल युक्तिवाद किया. उन्हें एड. सुदर्शन वानखडे व लकी आखरे ने सहयोग किया.

# प्रज्ञा प्रबोधिनी को 1 लाख की मदद

### सहयोग करने वाले जोशी परिवार की हो रही प्रशंसा



**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**

**अमरावती, 14 जून-** अमरावती शहर में अनेक वर्ष रहिवासी रहनेवाली श्रीमती अलका सुधीर जोशी (दिल्ली) ने उनके दिवंगत पति सुधीर जोशी की स्मृति प्रित्यर्थ प्रज्ञा प्रबोधिनी संस्था, अमरावती को पारधी समाज का सेवा कार्य के लिए 1 लाख रुपए चंदा दिया. इस चंदा का चेक संस्था के सचिव मुकुंद पांडे ने स्वीकारा. इस प्रसंग पर संस्थाध्यक्ष अविनाश देशपांडे, उपाध्यक्ष मुकुंद देशपांडे, सहसचिव शुभांगी केसाले, कोषाध्यक्ष जयंत खंदारकर, उमेश केसाले, रेखा देशपांडे तथा वंदना पांडे उपस्थित थी. यह चंदा प्रदान करने पर प्रज्ञा प्रबोधिनी संस्था, अमरावती के अध्यक्ष अविनाश देशपांडे ने जोशी परिवार का आभार व्यक्त किया. बता दें कि इसके पहले भी जोशी परिवार ने प्रज्ञा प्रबोधिनी संस्था, अमरावती को काफी सहयोग किया है.



### रवि राणा दंपति की संकल्पना हुई साकार

# हजारों मेधावी विद्यार्थियों का 26 को होगा सम्मान

### सांस्कृतिक भवन में आयोजन : तैयारियां अंतिम चरण में

**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**

**अमरावती, 14 जून-** विधायक रवि राणा एवं भाजपा नेत्री तथा पूर्व सांसद नवनीत राणा की संकल्पना पर आयोजित भव्य मेधावी छात्र सम्मान समारोह-2026 की तैयारियां जोरों पर हैं. कार्यक्रम की योजना और व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए युवा स्वाभिमान पार्टी के मार्गदर्शक सुनील राणा की प्रमुख उपस्थिति में शंकरनगर स्थित कार्यालय में बैठक आयोजित की गई.बैठक में बताया गया कि इस वर्ष 10वीं, 12वीं तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले लगभग 10 से 12 हजार विद्यार्थियों का पंजीकरण पूर्ण हो चुका है. इन विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का सम्मान विधायक रवि राणा और पूर्व सांसद नवनीत राणा के हाथों किया जाएगा.यह भव्य सम्मान समारोह शुक्रवार, 26 जून को सुबह 9 बजे से सांस्कृतिक भवन में आयोजित किया जाएगा. कार्यक्रम में शिक्षा, खेल, कला, सांस्कृतिक, सामाजिक तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करनेवाले विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा.बैठक में प्रो. अजय गाडे, पक्ष नेता नाना आमले, नगरसेवक अजय जायसवाल, प्रो. संतोष बंसोड़, प्रो. सतीश खोडे, प्रो. ओमप्रकाश मुंडे, नितिन बोरेकर, सोनाली नवले, ज्योति सैरिसे, खुशाल अलसपुरे, विनोद जायलवाल , उमेश ढोणे, और युवा स्वाभिमान पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, नगरसेवक और कार्यक्रम के आयोजन समिति के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद थे.

## 'गिरा पेड़ सुरक्षित रूप से हटाया गया



### मनपा की सीताराम बाबा मंदिर परिसर में सफल बचाव कार्य

**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**

**अमरावती, 14 जून-** बालाजी प्लॉट स्थित सीताराम बाबा मंदिर परिसर में तेज आंधी और तूफानी हवाओं के कारण एक विशाल पेड़ गिर जाने से क्षेत्र में कुछ समय के लिए चिंता का माहौल निर्माण हुआ था. इस घटना की जानकारी मिलते ही अमरावती महानगरपालिका के उद्यान विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया.पेड़ का आकार अत्यंत बड़ा होने के साथ ही उसके आसपास विद्युत तार तथा नागरिकों की आवाजाही होने के कारण यह कार्य काफी जोखिमपूर्ण और चुनौतीपूर्ण था. इसके बावजूद उद्यान विभाग ने हाइड्रा मशीन की सहायता से सुनियोजित एवं सावधानीपूर्वक कार्रवाई करते हुए पेड़ को सुरक्षित रूप से हटाने में सफलता प्राप्त की. इस पूरी कार्यवाही के दौरान किसी भी प्रकार की जनहानि अथवा संपत्ति की क्षति नहीं हुई.राहत कार्य के दौरान महावितरण के कर्मचारियों ने भी महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया. विद्युत आपूर्ति से संबंधित सभी आवश्यक सुरक्षा उपायों का पालन करते हुए उन्होंने उद्यान विभाग के साथ समन्वय स्थापित किया, जिससे अभियान सुरक्षित एवं सुचारू रूप से संपन्न हुआ. महानगरपालिका की आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली ने तत्परता से कार्य करते हुए स्थानीय नागरिकों को राहत पहुंचाई. संबंधित विभागों की सतर्कता और समन्वय के कारण क्षेत्र में यातायात एवं जनजीवन शीघ्र ही सामान्य हो सका. इस सराहनीय कार्य के लिए उद्यान अधीक्षक अजय विंचुरकर, श्रीकांत गिरी, महावितरण के कर्मचारी तथा उद्यान विभाग की पूरी टीम की प्रशंसा की जा रही है. उनकी कर्तव्यनिष्ठा और त्वरित कार्रवाई के कारण नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए यह अभियान सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ.




### क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ- दक्कन मराठा कुणबी समाज प्रीमियर

# मैजेस्टिक मैवरिक्स की दो मुकाबलों लगातार दर्ज की शानदार जीत

### सार्थक परिमल के नेतृत्व और समर्थन से विजयी शुरूआत

**प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार**

**अमरावती, 14 जून-** दक्कन मराठा कुणबी समाज प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हो चुका है. शनिवार को खेले गए मुकाबलों में मैजेस्टिक मैवरिक्स टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार दो मैच जीतकर प्रतियोगिता में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की.गोपाल नगर क्षेत्र स्थित सिंह जोन टर्फ मैदान पर आयोजित इस क्रिकेट प्रतियोगिता में मैजेस्टिक मैवरिक्स ने अपने खेल से सभी का ध्यान आकर्षित किया. टीम के मालिक प्रवीण परिमल के कुशल मार्गदर्शन और कप्तान सार्थक परिमल के मजबूत नेतृत्व में टीम ने विपक्षी टीमों पर अपना दबदबा कायम रखा.पहले मुकाबले में मैजेस्टिक मैवरिक्स ने साईनगर थंडर किंग्स को हराकर विजयी शुरूआत की, इसके बाद दूसरे मैच में मराठा रॉयल्स के खिलाफ भी टीम ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए एक और शानदार जीत दर्ज की.टीम के सभी खिलाड़ियों ने एकजुट होकर बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण तीनों विभागों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. कप्तान सार्थक परिमल ने बेहतरीन रणनीति और प्रेरणादायी नेतृत्व के माध्यम से टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. लगातार दो जीत के साथ मैजेस्टिक मैवरिक्स का आत्मविश्वास काफी बढ़ गया है और टीम आगामी मुकाबलों के लिए पूरी तरह तैयार नजर आ रही है. इस सफलता से समर्थकों में उत्साह का माहौल है. सार्थक परिवार ने भी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और आगामी मैचों के लिए शुभकामनाएं दीं.टीम में प्रवीण परिमल, सार्थक परिमल, अमन परिमल, रुद्र जाधव, नंदू वी. कुटे, उल्हास अडसड, वेदांत मोरे और अक्षय मुले सहित अन्य खिलाड़ियों का समावेश रह. इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी और समाज के गणमान्य सदस्य उपस्थित थे.

# संयुक्त महामोर्चा को वंचित बहुजन आघाड़ी का समर्थन

### 17 के आयोजन में हजारों कार्यकर्ता होंगे शामिल, 59 जातियों के संयुक्त आंदोलन को मिला वंचित बहुजन आघाड़ी का साथ




**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**

**अमरावती, 14 जून-** महाराष्ट्र सरकार द्वारा लिए गए उपवर्गीकरण संबंधी निर्णय के विरोध में 17 जून को अमरावती में आयोजित 59 जातियों के संयुक्त महामोर्चा को वंचित बहुजन आघाड़ी ने अपना सार्वजनिक समर्थन घोषित किया है. इस संबंध में शनिवार को त्रिवेणी कॉलोनी, कांग्रेस नगर रोड स्थित संघमित्रा वसतिगृह में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. इस बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के उपवर्गीकरण के निर्णय का विरोध करते हुए इसे सामाजिक न्याय और आरक्षण व्यवस्था के लिए नुकसानदायक बताया. साथ ही 17 जून को सुबह 11 बजे विश्वरत्न डॉ. बाबासाहब आंबेडकर चौक से जिलाधिकारी कार्यालय तक निकाले जाने वाले महामोर्चा में बड़ी संख्या में शामिल होने का आह्वान किया गया.इस अवसर पर वंचित बहुजन आघाड़ी के जिलाध्यक्ष राहुल मेश्राम ने कहा कि सामाजिक न्याय, समान अधिकार और आरक्षण की सुरक्षा के लिए यह आंदोलन अत्यंत महत्वपूर्ण है. उन्होंने जिलेभर के कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों तथा नागरिकों से महामोर्चा में सक्रिय सहभागिता दर्ज कराने की अपील की. बैठक में उपस्थित नेताओं और पदाधिकारियों ने महामोर्चा को सफल बनाने का संकल्प व्यक्त किया तथा कहा कि समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट संघर्ष आवश्यक है.

### मनपा का प्लास्टिक जब्ती और डस्टबिन जांच अभियान

# डेयरी से वसूला 5,000 रुपए का जुर्माना



**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**

**अमरावती, 14 जून-** अमरावती महानगरपालिका द्वारा शहर में स्वच्छता और प्लास्टिक प्रतिबंध नियमों के प्रभावी पालन हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में महानगरपालिका आयुक्त वर्षा लढ्ढा तथा अतिरिक्त आयुक्त शिल्पा नाईक के निर्देशानुसार गडगडेश्वर से रविनगर रोड क्षेत्र में प्लास्टिक जब्ती एवं डस्टबिन जांच विशेष अभियान चलाया गया.यह अभियान वैद्यकीय अधिकारी (स्वच्छता) डॉ. अजय जाधव तथा सहायक आयुक्त मनोज शाहले (जोन क्रमांक-5, भाजी बाजार) के मार्गदर्शन में संचालित किया गया. अभियान के दौरान कुल 14 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया. जांच के दौरान कुछ प्रतिष्ठानों में शासन द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग किए जाने की पुष्टि हुई. नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ महानगरपालिका द्वारा नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की गई. इस दौरान महावीर दूध डेअरी में प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग पाया गया, जिसके चलते इस प्रतिष्ठान पर रुपए 5,000 का जुर्माना लगाया गया. अभियान में प्लास्टिक नोडल अधिकारी ए. के. गोहर, वरिष्ठ स्वास्थ्य निरीक्षक राजेश राठौड़, स्वास्थ्य निरीक्षक सचिन सैनी, सागर इंगोले तथा अनिकेत फुके ने सक्रिय सहभागिता निभाई.